भारत सरकार
वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय
उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग
लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या: 3925

मंगलवार, 25 मार्च, 2025 को उत्तर दिए जाने के लिए

प्रत्यक्ष विदेशी निवेश की मात्रा

3925. श्री सुब्बारायण के.:
श्री सेल्वाराज वी:.

क्या **वाणिज्य और उद्योग मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क): 2023-24 और 2024-25 के अंत तक अब तक प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) की मात्रा का ब्यौरा क्या है; और

(ख): बहुराष्ट्रीय कंपनियों द्वारा पिछले दो वर्षों के दौरान रॉयल्टी, लाभ आदि के प्रत्यावर्तन के माध्यम से विदेशी मुद्रा के बहिर्गमन का ब्यौरा क्या है?

उत्तर
वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री
(श्री जितिन प्रसाद)

(क): वित्त वर्ष 2023-24 और 2024-25 (दिसंबर, 2024 तक) के लिए कुल एफडीआई अंतर्वाह की मात्रा का विवरण निम्नानुसार है :

क्रम सं.	**अवधि**	**कुल प्रत्यक्ष विदेशी निवेश अंतर्वाह (राशि बिलियन अमेरिकी डॉलर में)**
1.	2023-24 (अप्रैल, 2023 - मार्च, 2024)	71.28
2.	2023-24 (अप्रैल, 2023 - दिसंबर, 2023)	51.82
3.	2024-25 (अप्रैल, 2024 - दिसंबर, 2024) (अनंतिम)	62.48

स्रोत: भारतीय रिजर्व बैंक
(अनंतिम): आंकड़े अनंतिम हैं। आरबीआई से समामेलन के अध्यधीन हैं।

(ख): विदेशी मुद्रा का बहिर्गमन, विशेष रूप से बहुराष्ट्रीय कम्पनियों द्वारा किए गए बहिर्गमन का विवरण केन्द्रीय रूप से नहीं रखा जाता। तथापि, बौद्धिक संपदा और लाभांश/लाभ के माध्यम से विदेशी मुद्रा का बहिर्गमन, जो भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा अपनी "डाटा ऑन इंडियास इनविसीबल्स"

की त्रैमासिक प्रेस विज्ञप्ति में प्रकाशित किया जाता है, का विवरण निम्नानुसार है:

सारणी 1: लेन देन की विभिन्न श्रेणियों द्वारा इनविजिबल पेमेंट (बिलियन अमेरिकी डॉलर)			
मद	**2022-23**	**2023-24**	**2024-25 (अप्रैल-सितंबर) (प्रारंभिक)**
1) बौद्धिक संपदा एन.आई.ई (रॉयल्टी, कॉपीराइट और लाइसेंस शुल्क) के उपयोग के लिए शुल्क	**10.6**	**15.0**	**8.3**
1.1 फ्रेंचाइजी सेवा	0.2	0.2	0.1
1.2 लाइसेंसिंग व्यवस्था के माध्यम से उत्पादित मूल वस्तु या प्रोटोटाइप (जैसे पांडुलिपियां और फिल्में), पेटेंट, कॉपीराइट, ट्रेडमार्क, औद्योगिक प्रक्रियाएं, फ्रेंचाइजी आदि के उपयोग के लिए प्राप्ति।	10.4	14.8	8.2
2) अनिवासी शेयर धारकों को लाभांश/लाभ का भुगतान	**21.3**	**29.3**	**14.5**
2.1 लाभांश	18.7	26.3	13.0
2.2 लाभ	2.6	3.0	1.5

स्रोत: भारतीय रिजर्व बैंक

*****